# खाटू वाले श्याम मुझको भूल ना जाना भजन लिरिक्स

खाटू वाले श्याम मुझको,
भूल ना जाना,
आया शरण तेरी,
तेरा दीवाना।bd।

---

श्याम अपने दर का,
बना ले तू नौकर,
जिंदगी संवर जाए,
खाऊं फिर ना ठोकर,
तेरे सिवा मेरा,
तेरे सिवा मेरा,
कहाँ है ठिकाना,
आया शरण तेरी,
तेरा दीवाना।bd।

---

प्रेम का बंधन,
तोड़ गए हो,
श्याम मुझको तनहा,
क्यों छोड़ गए हो,
तेरा और मेरा है,
तेरा और मेरा है,
रिश्ता पुराना,
आया शरण तेरी,
तेरा दीवाना।bd।

---

किसको सुनाऊँ मैं,
हाल ऐ दिल अपना,
तेरे सिवा नहीं,
यहाँ कोई अपना,
बड़ा बेदर्दी,
बड़ा बेदर्दी,
है ये जमाना,
आया शरण तेरी,
तेरा दीवाना।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये दुनिया तो है,
आनी जानी,
पल दो पल की है,
ये जिंदगानी,
‘आदेश’ तू भी,
‘आदेश’ तू भी,
श्याम गुण गाना,
आया शरण तेरी,
तेरा दीवाना।bd।

---

खाटू वाले श्याम मुझको,
भूल ना जाना,
आया शरण तेरी,
तेरा दीवाना।bd।

**Singer – Adesh Tyagi**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com